**फाइल सं. पी-11015/1/2021-पीपीसी**
**भारत सरकार**
**सूचना और प्रसारण मंत्रालय**
**(नीति योजना प्रकोष्ठ)**

नई दिल्ली, 23 नवंबर, 2021

**विषय: सूचना और प्रसारण मंत्रालय के अक्टूबर 2021 माह के महत्वपूर्ण कार्यकलापों पर मंत्रिमंडल हेतु सारांश (संख्या-10)।**

इस मंत्रालय से संबंधित अक्टूबर 2021 माह के महत्वपूर्ण कार्यकलापों/ कार्यक्रमों का ब्यौरा नीचे दिया गया है:-

1. भारत के माननीय उप राष्ट्रपति ने दिनांक 25.10.2021 को माननीय सूचना और प्रसारण मंत्री, माननीय सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री, जूरी के अध्यक्ष और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में विभिन्न श्रेणियों में **67वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार 2019** प्रदान किए। प्रतिष्ठित **दादा साहब फाल्के पुरस्कार** लोकप्रिय अभिनेता, श्री रजनीकांत को प्रदान किया गया। श्री धनुष और श्री मनोज बाजपेयी दोनों को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार दिया गया जबकि सुश्री कंगना रनौत को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार दिया गया। वर्ष 2019 के लिए सर्वश्रेष्ठ गैर-फीचर फिल्म का पुरस्कार श्री हेमंत गाबा द्वारा निर्मित और निर्देशित 'एन इंजीनियर्ड ड्रीम (हिंदी)' को दिया गया, जबकि सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का पुरस्कार श्री प्रियदर्शन द्वारा निर्देशित मरक्कर-अरबी कादलिनते-सिम्हम (मलयालम) को दिया गया। ताजमहल (मराठी) को राष्ट्रीय अखंडता पर सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म के लिए नरगिस दत्त पुरस्कार से सम्मानित किया गया। 22 श्रेणियों में गैर-फीचर फिल्म भाग में और 47 श्रेणियों में फीचर फिल्म भाग में पुरस्कार प्रदान किए गए। सितारों से भरे इस पुरस्कार समारोह अन्य के साथ-साथ श्री विजय सेतुपति, श्रीमती पल्लवी जोशी, श्री बी. प्राक जैसे पावर-पैक्ड कलाकार भी उपस्थित रहे।

2. **सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा नोवेल कोरोना वायरस महामारी (कोविड-19) और कोविड-19 टीकाकरण अभियान के संबंध में की गई कार्रवाई**

सूचना और प्रसारण मंत्रालय कोविड-19 महामारी के दौरान संचार और जागरूकता पैदा करने में आगे रहा है जिसमें लोगों की भागीदारी के साथ जन आंदोलन जागरूकता पर जोर दिया गया।

2.1 दूरदर्शन (डीडी), आकाशवाणी (एआईआर) और न्यू मीडिया विंग (एनएमडब्ल्यू) ने कोविड-19 से जुड़ी निम्नलिखित प्रमुख घटनाओं को **व्यापक रूप से कवर किया** :

(i) माननीय प्रधानमंत्री द्वारा दिनांक 21.10.2021 को **100 करोड़ टीकाकरण** को पार करने पर डॉक्टरों और नर्सों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई और इस उपलब्धि को प्राप्त करने पर उनके द्वारा दिनांक 22.10.2021 को **राष्ट्र के नाम संबोधन** दिया गया;

(ii) पिछले डेढ़ वर्षों के दौरान सीखी गई सर्वोत्तम प्रक्रियाओं के संस्थागत करने के संबंध में माननीय प्रधानमंत्री की दिनांक 23.10.2021 को **घरेलू टीका निर्माताओं के साथ वार्ता**;

(iii) माननीय प्रधानमंत्री ने दिनांक 07.10.2021 को 35 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में **पीएम केयर्स के तहत स्थापित 35 पीएसए ऑक्सीजन संयंत्र** राष्ट्र को समर्पित किए;

(iv) माननीय प्रधानमंत्री ने दिनांक 24.10.2021 को ***मन की बात के*** माध्यम से संबोधित करते हुए टीकाकरण अभियान के लिए **'सबका प्रयास'** का मंत्र दिया और स्वास्थ्य कर्मियों के योगदान के लिए उनकी सराहना की; और

(v) माननीय स्वास्थ्य मंत्री द्वारा दिनांक 21.10.2021 को लाल किले पर भारत द्वारा 100 करोड़ टीकाकरण की उपलब्धि प्राप्त करने के उपलक्ष्य में गायक कैलाश खेर के **गीत और ऑडियो-विजुअल फिल्म का विमोचन।**

2.2 लोक प्रसारक, **प्रसार भारती** ने **डीडी न्यूज, आकाशवाणी के समाचार सेवा प्रभाग (एनएसडी)** और उनकी क्षेत्रीय समाचार इकाइयों (आरएनयू) के माध्यम से विशेष कार्यक्रम तैयार किए हैं और लोक सेवा संदेशों का प्रसारण किया है जिनमें जनता को **कोविड उचित व्यवहार** का पालन करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

i) डीडी न्यूज ने 10 से अधिक स्थानों से लाइव रिपोर्टिंग के साथ विशेष लाइव कवरेज और ***'कोरोना पर वार टिकाकरण 100 करोड़ के पार'*** नामक विशेष कार्यक्रम के प्रसारण के साथ **100 करोड़ टीकाकरण की उपलब्धि का उत्सव** मनाया। एनएसडी:आकाशवाणी द्वारा ***'कोरोना जागृति'* श्रृंखला** में शीर्ष चिकित्सा विशेषज्ञों और आम जनता के 30 लाइव फोन-इन और दिनांक 12.10.2021 से बुलेटिनों में नए ओपनिंग मैसेज भी प्रसारित किए गए।

ii) **विशेष कोविड-19 समग्र समाचार बुलेटिन; कोविड जन आंदोलन।**

iii) एक्सपर्ट स्पीक/ इन्फोबाइट्स/ फेक न्यूज अलर्ट/ सकारात्मक कहानियां/ ऑडियो प्रोमोज/वैज्ञानिक घटनाक्रम।

2.3 पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) ने दैनिक **कविड-19 बुलेटिन जारी किए, प्रेस वार्ताएं** आयोजित कीं और इसकी **कोविड-19 फैक्ट चेक यूनिट ने झूठी सूचनाओं पर निगरानी रखी है।** पीआईबी और उसके क्षेत्रीय कार्यालयों ने अंग्रेजी, हिंदी और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में **7558 प्रेस विज्ञप्तियां** जारी की हैं, पीएम आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन, पीएम मित्र, एक भारत श्रेष्ठ भारत/ स्वच्छ भारत, बैक टू स्कूल आदि पर **5 प्रेस कॉन्फ्रेंस** और **36 वेबिनार** आयोजित किए।

2.4 लोक संपर्क एवं संचार ब्यूरो (बीओसी) के क्षेत्रीय/ फील्ड आउटरीच ब्यूरो (आरओबी/ एफओबी) ने *"लक्ष्य विशाल उत्थान बेमिसाल-भारत द्वारा 100 करोड़ टिकाकरण का सफर"* विषय के तहत दिल्ली में केंद्र सरकार के कार्यालयों सहित देशभर में **1715** होर्डिंग, बैनर और स्टैंडी लगाकर **100 करोड़ टीकाकरण के उपलक्ष्य में** एक **विशाल अभियान चलाया।** बीओसी ने संदेश के व्यापक प्रसार के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के साथ भी सहयोग किया, जिसमें **50,000** से **अधिक** होर्डिंग/ बैनर प्रदर्शित किए गए। बीओसी ने **सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों के** माध्यम से कोविड उचित व्यवहार, 100 करोड़ कोविड टीकाकरण और 'आजादी का अमृत महोत्सव' विषयों पर **जागरूकता अभियान** भी चलाया जिसका विवरण निम्नानुसार है:

| फेसबुक पोस्ट की कुल संख्या | ट्वीट्स और री- ट्वीट की कुल संख्या ('इंप्रेशन' के साथ) | व्हाट्सएप पर प्रसारित पोस्टरों/संदेशों/वीडियो की कुल संख्या | इंस्टाग्राम पोस्ट की कुल संख्या |
|---|---|---|---|
| **5824** | **138283 (225675)** | **19387** | **3271** |

2.5 एनएमडब्ल्यू द्वारा सोशल मीडिया पर महत्वपूर्ण कोविड-19 आंकड़ों, कोविड टीकाकरण अभियान, 100 करोड़ टीकाकरण अभियान, टीकाकरण जागरूकता, मीम्स के माध्यम से कोविड उपयुक्त व्यवहार आदि को व्यापक कवरेज प्रदान किया गया। समर्पित ट्विटर हैंडल @COWIDNewsByMIB, जिसके 210.7 हजार फॉलोअर्स हैं, से अक्टूबर, 2021 में 915 ट्वीट पोस्ट किए गए।

3. **आज़ादी का अमृत महोत्सव: भारत की आज़ादी के 75 वर्ष**

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने **'जन भागीदारी और जन आंदोलन'** की समग्र भावना के तहत **आज़ादी का अमृत महोत्सव (एकेएएम)** मनाने के लिए कई पहल कीं।

3.1 नवंबर, 2021 में गोवा में आयोजित होने वाले **52वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) के** हिस्से के रूप में, माननीय सूचना और प्रसारण मंत्री द्वारा दिनांक 22.10.2021 को हॉलीवुड के सबसे प्रभावशाली निर्देशकों में से एक **श्री मार्टिन स्कॉर्सेज़** और समीक्षकों द्वारा प्रशंसित हंगरी के फ़िल्म निर्देशक **श्री इस्तेवन स्ज़ाबो को सत्यजीत रे लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड** से **सम्मानित** करने की घोषणा की गई है। 52वें आईएफएफआई में पहली बार, प्रमुख **ओटीटी प्लेयर्स** जैसे नेटफ्लिक्स, अमेज़ॅन प्राइम, ज़ी5, वूट और सोनीलिव विशेष मास्टरक्लास, सामग्री लॉन्च और पूर्वावलोकन, क्यूरेटेड फिल्म पैकेज स्क्रीनिंग आदि के माध्यम से भाग लेंगे। यह भी घोषणा की गई कि महोत्सव में रचनात्मक सोच वाले भावी **75 युवाओं** (35 वर्ष से कम) को उद्योग के नेताओं के साथ बातचित करने और मास्टरक्लास में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। आईएफएफआई के समय **ब्रिक्स फिल्म महोत्सव** के माध्यम से पांच ब्रिक्स देशों अर्थात ब्राजील, रूस, दक्षिण अफ्रीका, चीन और भारत की फिल्में, जो 52वें आईएफएफआई के फोकस देश हैं, प्रदर्शित की जाएंगी।

3.2 आजादी का अमृत महोत्सव के भाग के रूप में, डीडी न्यूज ने **डीडी न्यूज कॉन्क्लेव 'देश की बात, डीडी न्यूज के साथ'** का आयोजन किया जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में सरकार की उपलब्धियों और पहलों को दर्शाया गया। माह के दौरान, *'कल्पनाशील जम्मू और कश्मीर तथा लद्दाख आउटरीच', 'आपदा प्रबंधन की पुनर्कल्पना', 'युवा शक्ति: स्पोर्ट्स से स्टार्टअप्स तक', 'सामाजिक सशक्तिकरण और दिव्यांगजनों की चिंता', 'सहकारी और प्रतिस्पर्धी संघवाद'* और *'इंडिया फर्स्ट' विदेश नीति - विश्वगुरु का निर्माण* विषयों पर कॉन्क्लेव का प्रसारण किया गया जिनमें केंद्रीय मंत्रियों, सांसदों/उपराज्यपाल और विषय विशेषज्ञों द्वारा संबोधन दिए गए।

3.3 राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर, विभिन्न मीडिया यूनिटों द्वारा अपने कार्यालयों/ अधिकारियों/कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई गयी। फिल्म प्रभाग ने अपनी वेबसाइट और यूट्यूब चैनल तथा दूरदर्शन दोनों पर 31.10.2021 को ***सरदार वल्लभ भाई पटेल*** की जयंती पर ***"आयरन मैन सरदार पटेल"*** शीर्षक से एक बायोपिक की

स्क्रीनिंग/प्रसारण का आयोजन किया। आकाशवाणी के प्रतिष्ठित वार्षिक **सरदार पटेल स्मारक व्याख्यान** में दिनांक 31.10.2021 को भारत के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ, जनरल बिपिन रावत द्वारा *'राष्ट्र निर्माण में भारतीय सशस्त्र बलों की भूमिका'* पर व्याख्यान दिया गया, जिसे आकाशवाणी और दूरदर्शन नेटवर्क पर भी प्रसारित किया गया और आकाशवाणी के यूट्यूब चैनल पर उपलब्ध कराया गया। शुरू की गईं अन्य पहलें निम्न प्रकार हैं:

क) बीओसी के आरओबी/एफओबी द्वारा *'राष्ट्रीय एकता दिवस'* विषय पर पूरे देश में **52 एकीकृत संचार और लोक संपर्क कार्यक्रम (आईसीओपी)** आयोजित किए गए।*'एक भारत श्रेष्ठ भारत'* विषय पर **7 आईसीओपी** और **3 वेबिनार** आयोजित किए गए।

ख) डीपीडी ने **प्रदर्शनियों** का आयोजन किया जिनमें सरदार पटेल पर पुस्तकें को प्रदर्शित की गईं। विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर राष्ट्रीय एकता दिवस के लिए **स्लोगन लेखन प्रतियोगिता** को बढ़ावा दिया।

3.4 फिल्म प्रभाग ने 2 और 3 अक्टूबर, 2021 को अपनी वेबसाइट और यूट्यूब चैनल (**1179** ऑनलाइन दर्शक) पर **'शत शत नमन'** फिल्म महोत्सव का आयोजन किया जिसमें राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भूतपूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि दी गई। **'आजाद हिंद दिवस'** के उपलक्ष्य में, फिल्म प्रभाग ने दिनांक 21.10.2021 को नेताजी सुभाष चंन्द्र बोस की बायोपिकों और आईएनए की झांसी की रानी रेजिमेंट के एक सिपाही पर वृतचित्र का प्रदर्शन किया (**973** दर्शक)। संस्कृति मंत्रालय, नई दिल्ली ने दिनांक 21.10.2021 को **आईएनए स्थापना दिवस** पर फिल्म प्रभाग के विभिन्न फिल्मों की स्क्रीनिंग का आयोजन किया।

3.5 आजादी का अमृत महोत्सव के भाग के रूप में, भारतीय फिल्म और टेलीविजन संस्थान (एफटीआईआई) ने अक्टूबर 2021 के दौरान मेघालय (01 पाठ्यक्रम), लद्दाख (02 पाठ्यक्रम) और त्रिपुरा (01 पाठ्यक्रम) में अनुसूचित जनजाति के प्रतिभागियों के लिए **04 अमृत महोत्सव पाठ्यक्रम** संचालित किए। 18.10.2021 को **1971 के भारत पाक युद्ध में भारत की विजय की स्वर्ण जंयती** स्मरणोत्सव के अवसर पर एफटीआईआई ने मुख्य अतिथि मेजर जनरल संदीप भार्गव, प्रसिद्ध अभिनेता नाना पाटेकर वीरता पुरस्कार विजेताओं, युद्ध के पुराने योद्धाओं और वीर नारी की उपस्थिति में विजय ज्योति का स्वागत किया और स्वर्णिम विजय मशाल ग्रहण की।

3.6 बीओसी के आरओबी/एफओबी ने 'आजादी का अमृत महोत्सव' के भाग के रूप में **45 आईसीओपी** और **07 वेबिनार का** आयोजन किया। **'अर्थव्यवस्था की अमृत यात्रा'** और **'वैक्सीन का राष्ट्र का सुरक्षा कवच बनना है'** विषयों पर **न्यू इंडिया समाचार (एनआईएस) के** अक्टूबर 2021 पाक्षिक संस्करण 13 भाषाओं में मुद्रित किए गए और ये बीओसी द्वारा देश भर में वितरित किए गए। मायगव इंडिया के ई-संपर्क प्लेटफॉर्म का उपयोग करके ईमेल के माध्यम से एनआईएस के ई-संस्करण 65.5 मिलियन से अधिक पाठकों को भेजे गए।

3.7 एनएमडब्ल्यू ने हैशटैग ***#AmritMahotsav*** का उपयोग करके भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों को उनकी वर्षगांठ/पुण्य तिथि पर कवरेज प्रदान किया। **वर्षगांठों** के अवसर पर भारत के लौह पुरुष, *सरदार पटेल* पर **ग्राफिक्स** और **वीडियो,** स्वतंत्रता सेनानी पर *अशफाकउल्लाह खां*

पर **मोशन ग्राफिक,** नेता *रानी मां इला मित्रा पर* **ग्राफिक** आदि तैयार किए गए और सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए।

4. **सेवा समर्पण अभियान:** डीडी न्यूज ने विभिन्न क्षेत्रों में सुशासन के 20 वर्षों को प्रदर्शित करने के लिए विशेष कार्यक्रम **'सेवा समर्पण सुशासन के 20 साल'** के 20 एपिसोड की एक श्रृंखला शुरू की। पीआईबी ने देश भर के समाचार पत्रों में **भारत के माननीय प्रधानमंत्री द्वारा** *'टीम इंडिया - रिस्पॉन्डिंग टू एडवर्सिटी विद अचीवमेंट'* शीर्षक से विशिष्ट लेख और केंद्रीय मंत्रियों और विशेषज्ञों द्वारा संबंधित क्षेत्रीय उपलब्धियों पर लिखित विशेष लेखों सहित कई विशेष लेख शुरू किए और प्रकाशित किए। **कुरुक्षेत्र** पत्रिका का एक **विशेष अक्टूबर 2021 अंक** ***'ग्रामीण भारत में सामाजिक परिवर्तन'*** विषय पर डीपीडी द्वारा प्रकाशित किया गया। बीओसी द्वारा 07.10.2021 को एक पूरे पृष्ठ पर रंगीन प्रिंट विज्ञापन जारी किया गया। एनएमडब्ल्यू ने एमआईबी के सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों पर अभियान पर विभिन्न **स्टेटिक और कोट ग्राफिक्स, वीडियो, मोशन ग्राफिक्स और रील** तैयार किए और पोस्ट किए।

5. डीडी न्यूज और डीडी इंडिया ने विशेष लाइव कवरेज, जमीनी रिपोर्ट और विचार-विमर्श आधारित कार्यक्रमों के साथ 31.10.2021 को **रोम में जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए** माननीय प्रधान मंत्री की **इटली और वेटिकन सिटी** की राजकीय **यात्रा को** व्यापक रूप से कवर किया। **त्योहारों के मौसम की शुरुआत के अवसर पर नवरात्रि उत्सव के** भाग के रूप में, डीडी नेटवर्क ने कोलकाता, तिरुपति और अयोध्या सहित देश भर के विभिन्न स्थानों से दुर्गा पूजा, दशहरा महोत्सव, रामलीला, रामायण फिल्में, रामचरितमानस और आरती का सीधा प्रसारण किया है। इन विशेष कार्यक्रमों के लिए डीडी नेशनल पर दर्शकों की संख्या काफी बढ़कर 421% हो गई। प्रसार भारती नेटवर्क ने भी **टी20 विश्व कप टूर्नामेंट का 360 डिग्री मेगा कवरेज** किया है। डीडी स्पोर्ट्स ने सार्वजनिक भागीदारी के साथ कई शो आयोजित किए, जिनमें ***'क्रिकेट लाइव' के*** तहत ***'पब्लिक का कप्तान'***, ***'आरजे का क्रिकेट फंडा'*** आदि शामिल हैं, जो नई-नई सामग्री तैयार करने में टीवी और रेडियो तालमेल के बेहतरीन उदाहरण हैं। सभी विशेष शो और लाइव कवरेज न्यूजऑनएआईआर ऐप और यूट्यूब पर प्रसारित किए गए।

6. **जम्मू कश्मीर आउटरीच के** भाग के रूप में, डीडी न्यूज ने केंद्रीय मंत्रियों की जम्मू-कश्मीर दौरों को व्यापक रूप से कवर किया, जिसमें **लेह में लद्दाखी युवाओं के साथ माननीय सूचना और प्रसारण मंत्री** की परस्पर वार्ता और माननीय सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री द्वारा 11.10.2021 को **श्रीनगर में नवीकृत प्रसार भारती सभागार का उद्घाटन** शामिल है। माननीय गृह राज्य मंत्री के क्षेत्रीय दौरों को भी समाचार बुलेटिनों में शामिल किया गया।

7. माननीय सूचना और प्रसारण मंत्री, श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने 01.10.2021 को प्रयागराज में एक **महीने तक चलने वाले स्वच्छ भारत कार्यक्रम का** शुभारंभ किया, जिसे युवा प्रतिभाओ को शिक्षित एवं आमंत्रित करने के लिए एनएमडब्ल्यू द्वारा तैयार और पोस्ट किए गए मीम के माध्यम से सोशल मीडिया सहित विभिन्न मीडिया प्लेटफार्मों पर व्यापक रूप से कवर किया गया। उन्होंने 14.10.2021 को मेयर, साउथ दिल्ली म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन (एसडीएमसी), कमिश्नर (एसडीएमसी) और सीएमडी, ब्रॉडकास्ट इंजीनियरिंग कंसल्टेंट्स इंडिया

लिमिटेड (बेसिल) की उपस्थिति में **माईपार्किंग ऐप** भी लॉन्च किया, जिसका उद्देश्य एसडीएमसी म्यूनिसिपल सीमा में आने वाली सभी अधिकृत पार्किंग को डिजिटीकृत करना है।

8. **फिल्म उद्योग में करोबार करना आसान बनाना** के भाग के रूप में, माननीय सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री, डॉ. एल. मुरुगन ने 08.10.2021 **को चेन्नई में साउथ इंडियन फिल्म चैंबर ऑफ कॉमर्स के अधिकारियों के साथ मुलाकात की।** फिल्म उद्योग के विभिन्न अनुरोधों और मांगों के संबंध में विभिन्न फिल्म व्यापार संघों ने माननीय मंत्री को ज्ञापन सौंपा और माननीय मंत्री ने उन्हें आश्वासन दिया कि उनकी शिकायतों के निवारण के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।

9. डीडी न्यूज और एनएसडी: आकाशवाणी ने माननीय प्रधानमंत्री द्वारा 01.10.2021 को **स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0** और **अमृत 2.0** , 04.10.2021 को लखनऊ में 3 दिवसीय **शहरी सम्मेलन**, 05.10.2021 को लखनऊ में **आजादी@75 सम्मेलन और एक्सपो**, 11.10.2021 को **भारतीय अंतरिक्ष संघ**, 13.10.2021 को **पीएम गति शक्ति - मल्टी-मोडल कनेक्टिविटी के लिए राष्ट्रीय मास्टर प्लान**, 20.10.2021 को उत्तर प्रदेश में **कुशीनगर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा** और 25.10.2021 को वाराणसी में **पीएम आयुष्मान भारत डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन** के शुभारंभ/उद्घाटन; 12.10.2021 **को अफगानिस्तान में जी20 असाधारण शिखर सम्मेलन** और 27.10.2021 को **16वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन** में उनकी भागीदारी; और 20.10.2021 **को ग्लोबल ऑयल एंड गैस सेक्टर के सीईओ और विशेषज्ञों के** साथ उनकी वार्ता का सीधा कवरेज किया और व्यापक प्रचार किया। डीडी न्यूज और एनएसडी पर केरल और उत्तराखंड में बारिश से संबंधित जनहानि और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान तथा हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी पर ग्राउंड रिपोर्ट और ताजा समाचार भी प्रसारित किए गए।

10. **न्यूनतम सरकार अधिकतम शासन पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की पहल -**

- मंत्रालय ने **सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021** के नियम 12 के अनुसार चौथे स्व-विनियमन निकाय के रूप में समाचार और समसामयिक विषयों की सामग्री के प्रकाशकों के लिए **लेवल-II स्वविनियमत निकाय के रूप में "भारतीय डिजिटल प्रकाशक सामग्री शिकायत परिषद (आईडीपीसीजीसी)" के पंजीकरण के लिए स्वीकृति प्रदान की है।**

- **दक्षिण भारत से डिजिटल प्रसार भारती विकास को बढ़ावा:** भारत के दक्षिणी क्षेत्र से प्रसार भारती के डिजिटल प्लेटफॉर्म ने कुछ ही वर्षों में काफी प्रगति की है। डीडी चंदना (कर्नाटक) यूट्यूब पर 1 मिलियन सब्सक्राइबर्स की उपलबधि हासिल करने वाला क्षेत्र का पहला चैनल बन गया है, जबकि डीडी सप्तगिरी (आंध्र प्रदेश) और डीडी यादगिरी (तेलंगाना) तेजी से 5 लाख की उपलब्धि की ओर बढ़ रहे हैं।

- **प्रसार भारती द्वारा प्रसारण सुधार:** प्रसार भारती ने स्पष्ट किया कि अप्रचलित एनालॉग स्थानिक टीवी ट्रांसमीटरों को चरणबद्ध तरीके से हटाने के लिए प्रसारण सुधार उपायों को गलत तरीके से प्रस्तुत किया जा रहा है और उसने सूचित किया है कि महत्वपूर्ण स्थानों में लगभग 50 एनालॉग स्थानिक टीवी ट्रांसमीटरों को छोड़कर, प्रसार भारती सार्वजनिक और राष्ट्रीय हित में शेष

अप्रचलित एनालॉग ट्रांसमीटर को दिनाकं 31 मार्च, 2022 तक हटा देगा क्योंकि यह बिजली पर बेकार खर्च को कम करने के अलावा 5 जी जैसी नई और उभरती प्रौद्योगिकियों के लिये महत्वपूर्ण स्पेक्ट्रम उपलब्ध कराता है।

- सूचना और प्रसारण मंत्रालय के तहत विभिन्न मीडिया यूनिटों द्वारा अपने अधिकारियों/ कर्मचारियों को शपथ दिलाकर और सतर्कता से संबंधित उपयुक्त प्रतियोगिताओं, व्याख्यानों और फिल्म स्क्रीनिंग का आयोजन करके 26.11.2021 से 01.11.2021 तक **सतर्कता जागरूकता सप्ताह** मनाया गया।

- **चैनल लाइसेंसिंग:** सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने माह के दौरान 01 समाचार और 02 गैर-समाचार और समसामयिक विषयों के टीवी चैनलों के संबंध में अनुमति जारी की है और 01 समाचार और 02 गैर-समाचार और समसामयिक विषयों के टीवी चैनलों की अनुमति रद्द की है। भारत में अपलिंकिंग और डाउनलिंकिंग के लिए दिनांक **31.10.2021** तक निजी उपग्रह टीवी चैनलों की कुल संख्या **909** है।

- **सामुदायिक रेडियो स्टेशन (सीआरएस):**
  - मंत्रालय ने माह के दौरान **दो (02) अनुमति करार प्रदान (जीओपीए) करने पर हस्ताक्षर किए हैं** और **सात (07) जीओपीए का नवीनीकरण किया है ।**
  - "भारत में सामुदायिक रेडियो आंदोलन का समर्थन" नामक स्कीम के तहत **तीन (03) जागरूकता/क्षमता संवर्धन कार्यशालाएं** ऑनलाइन मोड के माध्यम से आयोजित की गई हैं।

- **भारत के समाचार पत्रों के पंजीयक का कार्यालय (आरएनआई):** माह के दौरान **290** शीर्षक सत्यापन पत्र और **129** पंजीकरण प्रमाण पत्र (नए और संशोधित) जारी किए गए।

- **भारतीय प्रेस परिषद (पीसीआई):** इस माह के दौरान **65 शिकायतों** (धारा 13 के तहत 14 और धारा 14 के तहत 51) पर कार्रवाई की गई, धारा 13 के तहत **01 स्वत: संज्ञान मामला** दर्ज किया गया और **01 प्रेस विज्ञप्ति** जारी की गई।

- **एमआईबी सोशल मीडिया प्ले टफॉर्म:** 05.11.2021 की स्थिति के अनुसार, आधिकारिक एमआईबी अंग्रेजी ट्विटर हैंडल **@MIB_India के 1.3 मिलियन फॉलोअर्स**, एमआईबी हिन्दी ट्विटर हैंडल **@MIB_Hindi** के **76.9 हजार फॉलोअर्स**, फेसबुक पेज के **1.36 मिलियन फॉलोअर्स**, यूट्यूब के **184 हजार सब्सक्राइबर** और इंस्टाग्राम के **224 हजार फॉलोअर्स हैं।**

(विक्रम सहाय)
**संयुक्त सचिव, भारत सरकार**
**दूरभाष : 23073775**